वर्ष 29 अंक 22
पृष्ठ 18
बरेली, मंगलवार
3 अक्टूबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

Page No : 03 TOP

शाम आठ बजे शुरू होकर देर रात तक बहेगी हास्य, व्यंग्य और वीर रस की बयार, शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी भी रहेंगे मंच पर मौजूद

जागरण का कवि सम्मेलन आज, बिशप मंडल में सजेगी महफिल

जागरण संवाददाता, बरेली : हास्य और व्यंग्य की कविताओं पर ठहाके लगाने, वीर रस की कविताओं को सुन लहू उबलता महसूस करने और शृंगार रस की कविताएं सुनने का इंतजार अब खत्म हुआ। दैनिक जागरण का कवि सम्मेलन मंगलवार को रात आठ बजे से बिशप मंडल इंटर कॉलेज में शुरू होगा। जिसमें शहर के अजीम अंतरराष्ट्रीय शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी भी मौजूद रहेंगे। कवि सम्मेलन का संचालन अशोक चक्रधर करेंगे।

दैनिक जागरण बरेली संस्करण के गौरवशाली 28 वर्ष पूरे होने पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य प्रायोजक बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड और संयुक्त प्रायोजक एसआरएमएस, मारिया डे, इंवर्टिस यूनिवर्सिटी, फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स हैं। वहीं, सह प्रायोजक कोका कोला, हॉस्पिटैलिटी पार्टनर होटल पंचम कांटीनेंटल और रेडियो पार्टनर 91.9 एफएम रेडियो सिटी हैं। आउटडोर पार्टनर जागरण इंगेज है। इस कवि सम्मेलन में आपको पसंदीदा कवियों और शायरों को सामने सुनने का मौका मिलेगा, तो तैयार हो जाइए काव्य और व्यंग्य रस का आनंद लेने के लिए। ये वो कवि हैं, जिन्होंने भारत के साहित्य और कविताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाम दिया है।

इंतजार खत्म

- डॉ. नवाज देवबंदी करेंगे शिरकत संचालन करेंगे अशोक चक्रधर
- कार्यक्रम में पहले पहुंचकर सुरक्षित करें अपना स्थान

नवाज देवबंदी बढ़ाएंगे महफिल की शान : अपरिहार्य कारणों से शायर राहत इंदौरी का आना संभव नहीं हो पा रहा है, इस वजह से डॉ. नवाज देवबंदी महफिल की शान बढ़ाएंगे। साथ ही अशोक चक्रधर, कुंवर बेचैन, डॉ. सुनील जोगी, डॉ. विष्णु सक्सेना, योगेंद्र शर्मा और दिनेश बावरा भी काव्य पाठ करेंगे।

रुहेलखंड गौरव से नवाजे जाएंगे राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ. रवि

जिला विज्ञान क्लब बरेली के जिला समन्वयक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा के नाम से शायद ही कोई अनभिज्ञ हो। इन्होंने गांव की पगडंडी से लेकर राष्ट्रपति भवन में पुरस्कार पाने का सफर तय किया। शहर के मुहल्ला प्रेमनगर निवासी डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने अपनी लगन और कड़े परिश्रम से जिले में वैज्ञानिक विधि से शिक्षा देने में अलग पहचान बनाई। 30 अक्टूबर 1969 को जन्मे रवि प्रकाश ने एमएससी बीएड तक शिक्षा प्राप्त की। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पैतृक गांव सखुरनी शेरगढ़ में हुई। माध्यमिक शिक्षा भोजीपुरा, बीएससी और एमएससी बरेली कॉलेज बरेली से किया। रुहेलखंड विश्वविद्यालय से बीएड किया। इसके बाद करीब एक साल तक रबर फैक्ट्री में बतौर कैमिस्ट नौकरी की। इसी दौरान बतौर विज्ञान शिक्षक विष्णु इंटर कॉलेज बरेली में नौकरी लग गई।

वैज्ञानिक विधि शिक्षण कार्य कराने की वजह से उनके तमाम छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला। वर्ष 2001 में राष्ट्रपति जनगणना कांस्य पदक पुरस्कार मिला, राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षक पुरस्कार 2007-08, लोकमणि लाल पुरस्कार 2013 और टीएलएम मॉडल प्रस्तुत करने पर राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला। वर्ष 2016 में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ। शिक्षा के उन्नयन के लिए 50 पुरस्कार डॉ. रवि को मिल चुके हैं। शिक्षित करने का गुण आपको विरासत में मिला। आपके पिता जय प्रकाश शर्मा उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक रहे। यही वजह रही कि आप बच्चों को शिक्षित करने में लगातार आदर्श गुरु की भूमिका निभाते रहे।

यही वजह रही कि शिक्षक बनने के बाद से उन्होंने अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाया और राष्ट्रपति पुरस्कार के असल हकदार बने। डॉ. रवि कहते हैं कि अब भी जुनून के साथ काम कर रहा हूं, जिससे कि शिक्षा का स्तर सुधारा जा सके।

शाम चार बजे तक ही मिलेंगे पास

शनिवार को दैनिक जागरण में प्रकाशित कवि सम्मेलन के विज्ञापन की कटिंग लाने पर निःशुल्क पास दिए जाएंगे। इसके लिए दैनिक जागरण के सिविल लाइंस स्थित दफ्तर के साथ ही, सौ फुटा रोड स्थित अंबे स्टोर, स्टेशन रोड स्थित होटल पंचम कांटिनेंटल और स्टेशन रोड स्थित रेडियो सिटी के सेंटर पर शाम चार बजे के बीच जाकर पास लिया जा सकता है। इसके बाद पास नहीं मिल सकेंगे।